विक्रमार्क

THE VIKRAMĀRKA

अर्धवार्षिक शोध–पत्रिका

Half Yearly Research Journal

ग्रन्थ– 1
Vol-1

वसन्त 2069

महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ, उज्जैन

तत्कृतं यन्न केनापि तद् दत्तं यन्न केनचित् ।
तत् साधितमसाध्यं यद्विक्रमार्केण भूभुजा ।।

ऊपर तो सूरज तपे, धरती विकरमदीत ।
धन धरती, जस मालवो, धन राजा की रीत ।।

न स देशो न स ग्रामो न स लोको न सा सभा ।
न तन्नक्तं दिवं यत्र विक्रमार्को न गीयते ।।

विक्रमार्क

THE VIKRAMĀRKA

अर्धवार्षिक शोध–पत्रिका
Half Yearly Research Journal

ग्रन्थ– 1
Vol-1

वसन्त 2069

प्रधान सम्पादक
श्रीराम तिवारी

सम्पादक
डॉ. भगवतीलाल राजपुरोहित

समन्वयक
प्रदीप अग्रवाल

महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ
स्वराज संस्थान संचालनालय, मध्यप्रदेश
1, उदयन मार्ग, उज्जैन –456010

विक्रमार्क
(THE VIKRAMĀRKA)

अर्धवार्षिक शोध पत्रिका
Half Yearly Research Journal

संवत् : 2069 वसन्त
सन् : 2012

मूल्य : एक अंक 40 रु
वार्षिक 80 रु

आवरण : विक्रम कदस परवतन्द्र
(ईसवी पूर्व प्रथम शती की लिपि में सिक्के पर अंकित)

आकल्पन : रुद्राक्ष ग्राफिक्स, उज्जैन
9165512233

प्रकाशक : महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ
स्वराज संस्थान संचालनालय
1, उदयन मार्ग, उज्जैन - 456010
दूरभाष : (0734) 2521499
Email : vikramadityashodhpeeth@gmail.com
Fax : 0734-2521499

मुद्रण : पंचायतीराज मुद्रणालय
1, औद्योगिक क्षेत्र, नागझिरी
देवास रोड, उज्जैन

* प्रकाशित सामग्री के विचारों से शोधपीठ का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

स्थापना

महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ स्वराज संस्थान संचालनालय के अन्तर्गत उज्जैन में 2009 से संचालित हो रहा है। उज्जैन में रहते हुए सम्राट् विक्रमादित्य ने विदेशी शकों से भारत को मुक्ति दिलाकर स्वतंत्रता संग्राम का सूत्रपात किया था। और भारत की उस अभूतपूर्व विजय के उपलक्ष्य में नये संवत् का प्रवर्तन किया था। आज वह विक्रम संवत् के नाम से सर्वज्ञात है।

वीर, साहसी, न्यायप्रिय, विवेकशील, दानी, विद्वान्, संस्कृति के उन्नयन में सदा तत्पर इत्यादि विभिन्न विशेषताओं के कारण विक्रमादित्य की ख्याति देश–विदेश के आम तथा खास वर्ग में सदा से रही है। ऐसे अप्रतिम महानायक तथा उनके युग के विषय में अधिकाधिक अन्वेषण के लिए मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्रीशिवराजसिंहजी चौहान, संस्कृति मंत्री श्रीलक्ष्मीकांतजी शर्मा और उज्जैन विकास प्राधिकरण के तत्कालीन अध्यक्ष तथा म.प्र. राज्य पर्यटन विकास निगम लि. के वर्तमान अध्यक्ष डॉ. मोहन यादवजी की सदाकांक्षा और सत्प्रयत्नों के फलस्वरूप इस शोधपीठ की स्थापना हुई और वह अपने लक्ष्य की ओर सतत गतिशील है।

शोधपीठ शोध करता, करवाता और नये नये अन्वेषणों को प्रकाश में लाता है। ऐसे नये नये तथ्यों को प्रकाश में लाने के लिए शोधपीठ की एक शोध पत्रिका की अपेक्षा के अनुरूप इस षाण्मासिक **विक्रमार्क** शोध पत्रिका का प्रकाशन किया जा रहा है। इस प्रवेशांक की सामग्री संकलन के लिए डॉ. प्रशान्त पुराणिक और डॉ. रमण सोलंकी का तथा लेखकीय सहयोग के लिए समस्त विद्वानों का बारम्बार हार्दिक आभार ।

सम्पादक

अनुक्रम

1.	विक्रमादित्य की मुद्रा	डॉ. आर.सी. ठाकुर अध्यक्ष, अश्विनी मुद्रा शोध संस्थान, महिदपुर	0–01
2.	विक्रमादित्य की ऐतिहासिक परम्परा	प्रो. डॉ. सुस्मिता पाण्डे आचार्य एवं विभागाध्यक्ष, प्राचीन भारतीय इतिहास एवं संस्कृति विभाग विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन	02–06
3.	विक्रमादित्य की ऐतिहासिकता– पुरातत्त्व सन्दर्भ	डॉ. जगन्नाथ दुबे निदेशक, वाकणकर शोध संस्थान, उज्जैन	07–12
4.	विक्रमादित्य का सभासद मूलदेव एवं विपुला और अचला	डॉ. भगवतीलाल राजपुरोहित निदेशक, महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ, उज्जैन	13–17
5.	विक्रमादित्य का समकालीन दत्तकाचार्य	श्रीमती निमिषा राजपुरोहित सदर बाजार, रावटी–जिला रतलाम	18–19
6.	शुकसप्तति में विक्रमादित्य	डॉ. श्रीमती इला घोष प्राचार्या, शासकीय महाविद्यालय, कटनी	20–24
7.	(क) लोक मानस में वीर विक्रमादित्य (ख) सुलभ नाम की दुर्लभ यश पताका	डॉ. पूरन सहगल निदेशक, मालव लोक संस्कृति अनुष्ठान, मनासा	25–36
8.	जटवारे की लोक कथाओं में विक्रमादित्य	नरेशकुमार पाठक संग्रहाध्यक्ष, जिला पुरातत्त्व संग्रहालय, हिन्दूपतमहल, पन्ना (म.प्र.)	37–39
9.	आन्ध्र में विकीर्ण विक्रमार्क सौरभ	डॉ. जगदीश शर्मा उप–निदेशक, कालिदास संस्कृत अकादमी, उज्जैन	40–42
10.	भारतीय उपमहाद्वीप में प्रचलित रहे सन्–संवतों की सूची	डॉ. श्यामसुन्दर निगम निदेशक, कावेरी शोध संस्थान, उज्जैन	43–45
11.	KING VIKRAMADITYA OF PARAMARA DYNASTY IS HISTORICAL PERSON OF FIRST CENTURY B.C.E.	Dr. M.L. Raja, M.B.B.S., D.O. Director, Avinash, Sree Krishna Hospital, 15, Sangagiri Road, Pallipalayam, Erode-6, Pin-638006	46–53 54–55

विक्रमादित्य की मुद्रा

डॉ. आर.सी. ठाकुर

898 के विक्रम संवत् के लेख में 'विक्रमादित्य' शब्द की प्राप्ति के पश्चात् विक्रमादित्य विषय पर विचार विश्लेषण एवं संशोधन की निरंतर आवश्यकता रही थी। डॉ. वि.श्री. वाकणकर जी के प्रयत्न एवं डॉ. भगवतीलाल राजपुरोहित के साहित्यिक विवरणों से हमें इस विषयक अनेक उल्लेखनीय जानकारी प्राप्त हुई है। किंतु मेरे द्वारा मुद्राओं पर निरंतर किये जाने वाले कार्य और विवेचन तथा अधिकाधिक विषय–विशेषज्ञों से विचार विमर्श से एक विशिष्ट ताम्र मुद्रा प्राप्त हुई।

यह ताम्र मुद्रा है ई.पू. के विक्रमादित्य की। उस विक्रमादित्य का नाम इस मुद्रा पर अंकित होने से विक्रमादित्य संबंधी प्रथम पुरा-प्रमाण हमारे सम्मुख आता है। यह मुद्रा डा. श्यामसुंदर निगम, डॉ. जगन्नाथ दुबे तथा इंदौर और मुम्बई के मुद्रा विशेषज्ञों को दिखाई, तब जाकर मैं यह निश्चित रूप से कह सकता हूँ कि मौर्योत्तर काल की यह मुद्रा राजा विक्रम की ही है। मुद्रा गोलाकार है, जिसकी धातु ताम्र है। मुद्रा के अग्रभाग पर दण्डधारी सिर पर मुकुट धारण किये एक पुरुष आकृति के साथ ही ब्राह्मी लिपि में लेख 'राजा विक्रम' कभी दाहिनी ओर तो कभी बायीं ओर तरफ अंकित मिलता है।

मुद्रा के पश्च भाग पर उज्जयिनी चिह्न है। इस प्रकार की मुद्रा प्रथम सदी ई.पू. की उज्जयिनी चिह्न वाली मिलती है। मुद्रा की लिपि भी उस समय प्राप्त होने वाली अन्य मुद्राओं के समान ही है। मुद्रा बनावट में कलात्मक नहीं है। अधिक मोटी है और अंकन के अक्षर भी कलात्मक नहीं हैं। निश्चित ही विक्रम नामधारी इस मुद्रा से उज्जयिनी के परम्परा पुरुष ऐतिहासिक राजा प्रजापालक, न्यायप्रिय लोकनायक 'विक्रमादित्य' की उलझी समस्या का समाधान हो सकेगा।

विक्रमादित्य की ऐतिहासिक परम्परा

प्रो. सुस्मिता पाण्डे

विक्रमादित्य से सम्बन्धित तीन प्रमुख पक्ष हैं-

(क) विक्रमादित्य की ऐतिहासिकता।

(ख) विक्रमादित्य के काल का प्रश्न।

(ग) विक्रम संवत् के प्रवर्तक की समस्या।

यदि हम पहली समस्या का समाधान नहीं करते हैं तो हमारे समक्ष केवल साध्यसम हेत्वाभास ही हाथ आएगा। ये तीनों समस्याएँ अंतरंग रूप से जुड़ी हैं।

विक्रम संवत् को सर्व प्रथम कृत संवत् फिर मालव संवत् कहा गया। वह 57 ई.पू. से प्रारम्भ हुआ। अलबरूनी के अनुसार शक संवत् विक्रमादित्य के 135 वर्ष पश्चात् हुआ[1]। इस साक्ष्य के अनुसार विक्रम संवत् 57 ई. पू. में निश्चित होता है। वे प्रमुख अभिलेख, जिनसे कृत से मालव फिर विक्रम की परम्परा दिखती है, निम्नलिखित हैं –

(1) उदयपुर का नंदसा यूप अभिलेख, जिसकी तिथि 282 है- कृतयोर्द्वयोर्वर्षतपोर्द्वय शीतयोः चैत्यपूर्णमास्याम्[2]।

(2) (क) राजस्थान का बरनाला यूप अभिलेख जिसमें 284 तिथि दी है[3]।

(ख) बरनाला का ही दूसरा अभिलेख है, जिसमें 335 तिथि है। इनमें कृतेहि उल्लिखित है।

(3-5) राजस्थान में बड़वा से प्राप्त तीन अभिलेख जो मौखरी महासेनापतियों के हैं। इनमें 295 वर्ष और कृतेहि है[4]।

(6) राजस्थान का विजयगढ़ अभिलेख 428 वर्ष जिसमें कृतेषु लिखा है[5]।

मालव लिखे अभिलेखों में निम्न है-

(1) 461 के मंदसौर अभिलेख में कृत तथा मालव दोनों संवतों का नाम है[6]।

श्रीमालवगणाम्नाते प्रशस्ते कृतसंज्ञिते।

अतः मालव तथा कृत एक ही संवत् है।

मन्दसौर अभिलेख में तिथि मालव संवत् में है। इसके अतिरिक्त अन्य अभिलेखों में भी मालव संवत् का उल्लेख है। विक्रम संवत् का उल्लेख निम्न अभिलेखों में है –

(1) 794 वर्ष का धिनिकी (गुजरात) के सैन्धव राजा जयैकदेव का अभिलेख है, जिसमें लिखा है- विक्रमसंवत्सरशतेषु सप्तसु चतुर्नवत्यधिकेष्वंकतः[7]।

(2) 898 वर्ष का चाहमान चंडमहासेन का धौलपुर अभिलेख है, जिसमें लिखा है- वसुनवाष्टौ वर्षागतस्य कालस्य विक्रमाख्यस्य[8]।

इस संवत् के 1100 के लगभग तथा उसके पश्चात् विक्रम, विक्रमादित्य, विक्रम संवत्, विक्रम काल आदि नाम आते

हैं । ये अधिकांश रूप से राजस्थान, गुजरात तथा मध्यप्रदेश से प्राप्त होते हैं।अतः 428 वर्ष तक यह संवत् कृत कहलाया फिर मालव, फिर विक्रम और फिर विक्रमादित्य।

जैन पट्टावलियाँ उपर्युक्त संवत् का श्रेय विक्रमादित्य को देती हैं। इसके अनुसार महावीर के निर्वाण के 470 वर्ष पश्चात् विक्रमादित्य का शासन हुआ, जो 60 वर्षों तक हुआ। इस प्रकार 57 ई.पू. उसकी तिथि आ जाती है।

पट्टावलियों से स्पष्ट होता है कि गर्दभिल्ल का राज्य तेरह वर्ष हुआ, फिर चार वर्ष शकों का राज्य रहा, फिर विक्रमादित्य का शासन आया।

प्रभावकचरित (प्रभाचन्द्र सूरि) के अन्तर्गत कालक सूरि का जीवन वृत्त है। इसके अनुसार धारावर्ष में वीरसिंह का राज्य था। उसका पुत्र कालक और पुत्री सरस्वती थी। गुणाकर नामक जैन संत से प्रभावित होकर कालक बहिन सहित जैन बन गया। एक बार वह उज्जयिनी गया। वहाँ के राजा गर्दभिल्ल ने सरस्वती का अपहरण कर लिया। कालक के विनती करने पर भी जब गर्दभिल्ल ने सरस्वती को नहीं छोड़ा, तो कालक पश्चिम दिशा में सिंधु पार कर शकों के देश पहुँचा। वहाँ नब्बे शक राजा थे, जिनका एक अधिपति था। एक बार जब अधिपति इन राजाओं से क्रुद्ध हुआ तब कालक इन सभी सामन्त राजाओं को सौराष्ट, लाट तथा मालव तक ले आए। उन्होंने विशाला (उज्जयिनी) को घेरकर गर्दभिल्ल को पकड़ लिया, उसको देश निकाला दिया तथा वन में वह सिंह द्वारा मारा गया। सरस्वती भिक्षुणियों में वापस चली गई। इस घटना के कुछ वर्षों बाद विक्रमादित्य बहुत प्रतापी राजा बन गया और अपना संवत् चलाया। उसके 135 वर्ष बाद शकों ने पुनः अवन्ती को जीता और अपना शक संवत् चलाया[9]।

यद्यपि प्रभावक सूरि का प्रभावकचरित और मेरुतुंग की पट्टावली दोनों चौदहवीं शती के माने जाते हैं, तथापि अन्य स्रोत भी इनका समर्थन करते हैं[10]। अन्य स्थानों में तेरहवीं शताब्दी का ज्योतिर्विदाभरण, भट्टोत्पल (नवीं शताब्दी), आमराज (बारहवीं शताब्दी) आदि भी हैं। 1606-07 में तारीख फरिश्ता में कहा गया है कि विक्रमादित्य ने उज्जैन बसाया, धार में दुर्ग बनाया त्तथा उज्जैन में महाकाल देवालय बनाया[11]।

वस्तुतः विक्रमादित्य सम्बन्धी सबसे प्राचीन साक्ष्य गुणाढ्य की बृहत्कथा (प्रथम सदी) है। इसके अनेक रूपान्तर बाद में हुए। जैसे बृहत्कथाश्लोकसंग्रह (बुधस्वामी)[12], क्षेमेन्द्र की बृहत्कथा–मंजरी, सोमदेव की कथासरित्सागर। बृहत्कथा क्योंकि विक्रमादित्य से एक ही शताब्दी बाद की रचना है, इसलिए उसके साक्ष्य को प्रामाणिक मानना चाहिए।

पुरातात्त्विक साक्ष्यों में ई.पू. 250 से ईस्वी 250 तक के मालवगण के सिक्के मालवा क्षेत्र में व्यापक रूप से प्राप्त हुए हैं। डॉ.वि.श्री. वाकणकर को कतस उजनीयस लेख वाली मुद्रा भी प्राप्त हुई थी, जिसमें कतस अथवा कुतस के अर्थ कृतस्य लिये गये हैं । पद्मश्री डॉ.वाकणकर को ई.पू. प्रथम शताब्दी की ब्राह्मी लिपि में संस्कृत लेख मिला है, जो अँवलेश्वर से है, जिसमें विक्रमादित्य का उल्लेख है[13]।

विक्रमादित्य के विषय में विभिन्न विद्वानों के भिन्न–भिन्न मत है। अल्तेकर के अनुसार यदि यह संवत् विक्रमादित्य ने प्रारम्भ किया होता तो पहले ही उनके नाम पर आधारित होता। यह कृत द्वारा स्थापित हुआ था, जो मालवगण का अधिपति था। बाद में जब यह मालव से बाहर प्रचलित हुआ तो इसे एक विशिष्ट व्यक्ति चन्द्रगुप्त द्वितीय (गुप्त वंश के) के नाम से जोड़ दिया गया। यह चन्द्रगुप्त के सिक्कों के पृष्ठभाग पर विक्रमादित्य विरुद से स्पष्ट होता है। वी.वी. मिराशी भी इसी मत की पुष्टि करते हैं[14]।

उनके अनुसार कृत का अर्थ प्रारम्भ हुआ से है।

डी.आर. भंडारकर ने भी विक्रमादित्य की ऐतिहासिकता को स्वीकार नहीं किया तथा कृत शब्द से कृतयुग का अर्थ लिया है, जो उनके अनुसार पुष्यमित्र शुंग ने चलाया था।

सर जॉन मार्शल के अनुसार यह संवत् एजिस प्रथम ने प्रवर्तित किया। उसका उत्तर–पश्चिमी भारत में प्रथम शताब्दी ई.पू. में अधिपत्य था, जिनमें सिंध तथा पंजाब भी थे और किसी अय तथा अज के द्वारा जारी किये गये संवत् का पता हमें अभिलेखिक साक्ष्यों से मिलता है। यह दोनों उनके अनुसार एजिज ही थे[16]। रेप्सन भी इनसे सहमत है[17]।

बी.एन मुकर्जी का भी मत यही है। उन्होंने महाराज अय से सम्बन्धित संवत् के उल्लेख के उदाहरण दिये हैं[18]।

डी.सी. सरकार ने विक्रम संवत् का प्रवर्तनकर्ता वोनोन्स को माना है। यह भी प्रथम श.ई.पू. का माना गया है[19]। मालवों ने पंजाब में इसको अपना लिया, फिर अपने साथ राजस्थान तथा मालवा में लाए। सरकार के अनुसार बाद में गुप्त सम्राट् चन्द्रगुप्त के विक्रमादित्य नाम से यह जुड़ गया। पश्चिमी भारत के शकों को उसने हराया। उनका यह भी कहना है कि भारतवर्ष में संवत् की परम्परा नहीं थी। परन्तु यह बात तर्क सिद्ध नहीं लगती कि मालवगण, जो वीर तथा स्वतंत्र प्रकृति के थे, वे उन्हीं विदेशियों का संवत् अपनाएँगे जिनके कारण उन्हें पंजाब छोड़ना पड़ा। चन्द्रगुप्त के नाम पर भी यह संवत् नहीं हो सकता, क्योंकि गुप्तों का अपना संवत् था तथा चन्द्रगुप्त द्वितीय की शकों पर विजय इतनी भी महत्त्वपूर्ण नहीं थी कि संवत् को उसका नाम दिया जाता। उज्जयिनी, जहाँ यह संवत् प्रारम्भ हुआ उसको शक विजय के पश्चात् उसने बहुत अधिक महत्त्व दिया हो, यह भी प्रमाणित नहीं है[20]।

विक्रमादित्य की ऐतिहासिकता केवल व्यतिरेकी प्रमाण से भी सिद्ध हो सकती है। उस समय कौन सी समकालीन शक्तियाँ थीं ? 72 ई. पूर्व से 30 ई. पूर्व तक काण्वों का राज्य था। इसी समय पुराणों के अनुसार शुंगों के कुछ अन्य वंशज भी थे, जो कण्वों के अन्तर्गत मालव में भी थे[21]।

डी.सी. सरकार के अनुसार सातवाहनों के राजा सिमुक ने सुशर्मन् कण्व का राज्य जीता, जो अपने आखरी दिनों में संभवतः मालव तथा उसके निकटवर्ती क्षेत्र में था तथा सिमुक की तिथि प्रथम शताब्दी ई. पूर्व के द्वितीय अथवा तृतीय चरण कही जा सकती है[22]।

उनके अनुसार सातकर्णी प्रथम के तो पूर्वी मालव में होने की संभावना अनेक विद्वान् मानते हैं। क्योंकि सांची के स्तूप के दक्षिण तोरण द्वार में आनन्द नामक स्थपति का उल्लेख है, जो सातकर्णी के अन्तर्गत था। सातकर्णी प्रथम की तिथि 27-17 ई.पू. दी गई है[23]। परन्तु आवेषनी का एक अन्य अर्थ अर्थशास्त्र से स्पष्ट होता है। आवेषनी अपने स्थान से दूर कहीं भी ठेके में भी कार्य करते थे[24]। शातकर्णी प्रथम को खारवेल का समकालीन भी माना गया है, जैसा कि खारवेल के हाथी गुफा अभिलेख से स्पष्ट है। खारवेल के राज्य का पंचम वर्ष नन्दराज के समय से 300 वर्ष पूर्व था। परन्तु शातकर्णी प्रथम शताब्दी ई.पू. के चौथे चरण का ही हो सकता है, क्योंकि 30 ई.पू. में कण्वों का राज्य समाप्त हुआ जिसके पश्चात् ही सिमुक सातवाहन का स्वतंत्र रूप से राज्य प्रारम्भ हुआ होगा।

एन.एन. घोष के अनुसार खारवेल का पाँचवा वर्ष 14 ई.पू. होगा तथा राय चौधरी के अनुसार 25 ई.पू. होगा[25]।

डी.सी. सरकार शात अंकित वाले सिक्कों का उल्लेख करते हैं तथा उनके अनुसार ये पश्चिमी मालव में या तो सिमुक द्वारा या फिर शातकर्णी द्वारा जारी किये गये[26]। वे इस बात की भी संभावना तीव्र रूप से व्यक्त करते हैं कि सिमुक सातवाहन के

राज्य की उत्तरी सीमा पूर्वी तथा पश्चिमी मालव दोनों रही होगी[27]। परन्तु तथ्य यह है कि यदि 57 ई.पू. विक्रमादित्य का काल मानें, तो इस समय कोई भी बहुत शक्तिशाली साम्राज्य मालवा में नहीं था। सिमुक स्वयं ही कमजोर कण्वों के अन्तर्गत था तथा उनके उन्मूलन के पश्चात् एकाएक इतना शक्तिशाली नहीं हो गया होगा। ऐसी परिस्थिति में उज्जयिनी में एक प्रबल मालव गणराज्य के अधिनायक विक्रमादित्य की प्रबल संभावना होती है, जिनको उपर्युक्त उल्लिखित साहित्यिक आदि साक्ष्य भी प्रमाणित करते हैं ।

डी. सी. सरकार स्वयं मालवगण के कुछ सिक्कों को प्रथम शताब्दी ई.पू. में मानते हैं[28]।

अजयमित्र शास्त्री के अनुसार मालव गणराज्य के अधिकांश सिक्कों की तिथि प्रथम शताब्दी ई.पू.ही है। यह सिक्के चौथी शताब्दी ई. तक के प्राप्त होते हैं , जिनमें मालवानां जयः लेख है[29]।

इन सिक्कों के अतिरिक्त अजीबोगरीब लेखों वाले सिक्के हैं , जिनमें मगज, मगजव, मजुप आदि लेख हैं जिनके विषय में बहुत विवाद है। कुछ विद्वान् इन्हें मालवा के ही मानते हैं तथा अन्य विद्वान् शकों के। पी.के. जायसवाल तथा के.के. दासगुप्ता इन्हें मालव गणराज्य से ही सम्बन्धित मानते हैं[30] तथा के.डी.बाजपेयी शकों के[31]। दोनों ही स्थितियों में विक्रमादित्य की परम्परा को बल मिलता है।

यदि यह शक सिक्के हैं, तो भी जैन पट्टावलियों का उल्लेख प्रमाणित होता है जिसके अनुसार गर्दभिल्ल के पश्चात् कुछ काल के लिए शकों का उज्जयिनी में आधिपत्य हुआ। फिर विक्रमादित्य का शासन आया। अतः मालव गणराज्य चौथी शताब्दी ई.पू. में पंजाब में थे। बाद में वे राजस्थान में प्रयाण कर गये। इसके पश्चात् मालवा में उनका अधिपत्य हुआ। उनका गणनायक विक्रमादित्य था जिसका साक्ष्य साहित्यिक, अभिलेखिक, मौद्रिक तथा परम्परा से स्पष्ट होता है।

सन्दर्भ -

1 साचाऊ ई., अलबरुनीज इंडिया II पृ. 6

2 अल्तेकर द्वारा संपादित, एपिग्राफिया इंडिका भाग XXVIपृ. 118-25

3 वही XXVI,पृ. 120

4 वही XXIII, पृ. 52

5 शास्त्री अजयमित्र, सम ऑब्जरेवशन्ज ऑन द ओरिजिन इण्ड अर्ली हिस्टी ऑफ द विक्रम एरा, प्राच्य प्रतिभा XVIII 1996-97 पृ. 3

6 फ्लीट, कार्पस, इंस्कृप्शनम् इंडिकेरम, भाग 3

7 इंडियन एंटिक्वेरी XII पृ. 155, पंक्ति-1

8 शास्त्री अजयमित्र, सम ऑब्जरेवशन्ज ऑन द ओरिजिन इण्ड अर्ली हिस्टी ऑफ द विक्रम एरा, प्राच्य प्रतिभा XVIII 1996-पृ. 4

9 पांडे राजबली, विक्रमादित्य पृ. 27-28।

10 राजशेखरसूरिकृत प्रबन्धकोष, मेरुतुंग की प्रबन्धचिंतामणि, पुरातन प्रबन्ध संग्रह (अज्ञात लेखक), इन्द्रसूरि का विक्रमचरित, पूर्णचन्द्रसूरिकृत विक्रम पंच दण्ड प्रबन्ध, देवमूर्ति का विक्रम चरित्र, क्षेमंकर की सिंहासनद्वात्रिंशिका।

11 राजपुरोहित भगवतीलाल, आदि विक्रमादित्य, पृ. 14

12 नर्वी सदी, किन्तु डॉ. ए.एन.राय इसे गुप्त काल का ही मानते थे।

13 राजपुरोहित भगवतीलाल, आदि विक्रमादित्य पृ. 96

14 स्टडीज इन एन्श्येन्ट इंडियन हिस्टी, 1984, पृ. 115-29

15 द विक्रम ऐरा कमेमरेटिव एसेज प्रेसेंटिड टू सर रामकृष्ण गोपाल भंडारकर, पुणे 1917, पृ. 187।

16 जे. आर. ए. एस. 1914 तथा 1932।

17 केम्ब्रिज हिस्टी ऑफ इंडिया-1, पृ. 515, 525

18 शास्त्री अजयमित्र द्वारा उध्दृत प्राच्य प्रतिभा 1996-97, पृ. 14-15.

19 द विक्रम संवत्, विक्रम वाल्यूम पृ. 557-86, एंश्येट मालवा एण्ड द विक्रमादित्य टेडिशन, दिल्ली, 1969, पृ. 163

20 शास्त्री अजयमित्र प्राच्य प्रतिभा 1996-1997, पृ. 23-24

21 सरकार डी.सी., एंश्येन्ट मालव एण्ड द विक्रमादित्य टेडिशन, पृ. 67

22 वही, पृ. 67, राय चौधरी, पोलिटिकल हिस्टी ऑफ एश्येंट इण्डिया 60-37 ई. पू. मानते हैं। पृ-366

23 वही पृ. 367

24 अर्थशास्त्र 2.14.1, पांडे सुस्मिता, अर्थशास्त्र और शिल्पी, शिल्पियों के गौरवशाली इतिहास में पृ. 203, संपादक रामकुमार अहिरवार

25 घोष एन.एन., अर्ली हिस्टी ऑफ इण्डिया, ओमप्रकाश द्वारा संपादित पृ. 264, राय चौधरी, पोलिटिकल हिस्टी ऑफ एश्येंट इण्डिया पृ. 370-371।

घोष (संपा. ओमप्रकाश) 300 को पारम्परिक संख्या मानते हुए उसमें 20 जोड़ते हैं तथा राय चौधरी 10 जोड़ते हैं।

26 सरकार डी.सी., एंश्येन्ट मालव एण्ड द विक्रमादित्य टेडिशन, पृ. 67-69

27 वही, पृ. 68

28 द एज ऑफ इम्पीरियल यूनिटी, पृ. 163
बेला लाहिरी, इंडीजनस स्टेट्स ऑफ नार्दन इण्डिया, कलकत्ता, 1974, पृ. 268

29 शास्त्री अजयमित्र, प्राच्य प्रतिभा, पृ. 31

30 गोयल श्रीराम, द लाइनेज ऑफ एंश्येंट इंण्डिया, पृ. 172

31 बाजपेयी के.डी., जे.एन.एस.आई XXVIII, 1 पृ. 46-50

विक्रमादित्य की ऐतिहासिकता-पुरातत्त्व सन्दर्भ

डॉ. जगन्नाथ दुबे

इस बात के अनेक प्रमाण हैं कि प्रथम शताब्दी ईसा पूर्व में विक्रमादित्य नामक सम्राट् भारत का शासक था। संस्कृत साहित्य में उससे सम्बन्धित अनेक वर्णन प्राप्त होते हैं, जैसे कथासरित्सागर तथा बृहत्कथामंजरी आदि। जैन परम्परानुसार कालकाचार्य कथानक से यह ज्ञात होता है कि ईसा पूर्व पहली शती में शकों (सिथियन) का मालवा पर आक्रमण हुआ था। उस समय उज्जैन में गर्दभिल्ल नामक राजा राज्य करता था। उसने जैन मुनि कालकाचार्य की संन्यासिनी भगिनी को जबरदस्ती से अपने अन्तःपुर में रखा। तब कालकाचार्य सिन्ध प्रांत के शकों के पास गया और उनकी सहायता से उसने गर्दभिल्ल की हत्या की। उसके बाद शकों का अधिकार उज्जयिनी पर केवल चार वर्ष रहा। तत्पश्चात् गर्दभिल्ल के पुत्र विक्रमादित्य ने उन्हें खदेड़कर ईसा पूर्व 57 में अपना संवत् प्रारम्भ किया। डॉ. अल्तेकर को यह परम्परागत कथा सम्भवनीय लगती थी -

शकानां वंशमुच्छिद्य कालेन कियतापि हि।
राजा श्रीविक्रमादित्यः सार्वभौमोपमो भवत्॥
स चोन्नतमहासिध्दिः सौवर्णरूपोदयात्।
मेदिनीमनृणां कृत्वा चक्रिरे वत्सरं निजम्॥

मत्स्य पुराण में यह वर्णन है-

सप्त गर्दभिल्ला भूपो भोक्ष्यन्तीमां वसुंधराम्।

अर्थात् सात गर्दभिल्ल भूप पृथ्वी का उपभोग करेंगे।

कालकाचार्य कथानक में प्रस्तुत घटना शकों के मालवा पर आक्रमण की है। स्टेनकोनोव ने "खरोष्टी इन्स्क्रिप्शन्स" की भूमिका में प्रथम सदी ईसा पूर्व में मालवा पर आक्रमण हुआ था, इसका वर्णन किया है[2]। भारत के शक-साम्राज्य के इतिहास का पुनर्निर्माण इस प्रकार किया जा सकता है -

ईसा पूर्व 88 में मिथ्रडेट्स द्वितीय की मृत्यु से कुछ समय के पश्चात् ही सीस्तान के शकों ने अपने आपको पार्थिया से स्वतंत्र कर लिया और उस विजययात्रा का प्रारम्भ कर दिया जिसने उन्हें सिन्धुनद के देश पहुँचा दिया। तत्पश्चात् ईसा पूर्व 60 के लगभग शकों ने अपना साम्राज्य उस प्रदेश तक बढ़ा लिया था जिसे कालकाचार्य कथानक में हिन्दुक देश कहा गया है (सिन्धु नद का निचला प्रदेश) और उसके पश्चात् काठियावाड़ और मालवा की ओर अग्रसर हुए। यहाँ 58-57 ईसा पूर्व में विक्रमादित्य ने उनका उन्मूलन किया और अपनी इस विजय के उपलक्ष्य में अपने संवत्सर का प्रवर्तन किया। रेप्सन ने भी इस कथा की घटनाओं के विश्वसनीय होने के विषय में अपना मत प्रदर्शित किया है[3]। नारमन ब्राउन ने भी अपने कालकाचार्य कथानक की भूमिका में इसकी घटनाओं की ऐतिहासिकता को स्वीकार किया है।

प्रथम सदी ईसा पूर्व में विक्रमादित्य उज्जयिनी में शासनरत था। उल्लेखनीय है कि साहित्यिक प्रमाणों के साथ वर्तमान में ऐसे पुरातात्त्विक साक्ष्य उपलब्ध हुए हैं जिससे विक्रमादित्य की ऐतिहासिकता, उसका तिथिक्रम, विक्रम संवत् तथा नाम

सम्बन्धी घटनाओं की प्रामाणिकताओं की पुष्टि हुई है।

उज्जयिनी एवं विदिशा क्षेत्र से प्राप्त पाँच शक–शासकों यथा हमुगम, सउमश, वलाक, महु और दास की ताम्र मुद्राओं को आचार्य कृष्ण दत्त वाजपेयी ने लिपि और प्रतीकों के अध्ययन के आधार पर क्षहरात भूमक के पूर्व शक–शासकों के रूप में समीकृत करने की घोषणा की है[4] तथा इनका तिथिक्रम प्रथम सदी ईसा पूर्व निर्धारित करने का प्रयत्न किया है।

मुद्राविद् माइकेल मिशिनर ने भी इन शासकों का शासन काल 60 ईसा पूर्व निर्धारित कर इन्हें मालव मुद्राओं पर अंकित के समान बताया है[5]। इन मुद्राओं पर मालवा की पूर्ववर्ती ढली ताम्र-मुद्राओं पर अङ्कित चिह्न जैसे मेंढक, अर्द्धचन्द्र युक्त त्रिमेरु , चैत्य वृक्ष और द्वि-वृत्त उज्जयिनी चिह्न अंकित है। मालव पर शक आक्रमण की भीषणता को युगपुराण में भी रेखांकित किया गया है। ये शक-शासक कुछ वर्षों तक शासन करते रहे, फिर उन्हें विक्रमादित्य ने पराजित कर विजयोपरान्त उपलक्ष्य में संवत् प्रचलित कर वह शकारि उपाधि से विभूषित हुआ।

महाराजा विक्रमादित्य कालीन पुरातात्त्विक साक्ष्य –

1) महाराजा विक्रमादित्य कालीन अँवलेश्वर शिलालेख चौकी पर -

मंदसौर (दशपुर से लगभग 18 किलोमीटर की दूरी पर अँवलेश्वर नामक स्थल) के समीप एकाश्म स्तम्भ तथा स्तम्भ के अधोभाग पर स्थित[6] चौकी पर दाहिनी ओर बायीं ओर प्रथम सदी ईसा पूर्व की ब्राह्मी लिपि में लेख अङ्कित है। उसमें से एक पर लेख इस प्रकार है -

1) वेदम्म कद ज इ प्रविध्रेमगज
2) दत विक्रमादित्य ..... जयति उदकेन प्रदत्त
3) नृ कुद भग
4) जलाशया जलं एकेह सर्व्वानेत्व

इस अभिलेख में विक्रमादित्य नाम के साथ ही जलाशय तथा उसके जल का समस्त जनों द्वारा उपयोग का उल्लेख है।

2) विक्रमादित्य नामाङ्कित विविध प्रकार की मुद्राएँ भी वर्तमान में प्रकाश में आई हैं। कतिपय मुद्राएँ उसके समकालीन और लेखसहित हैं। उनका वर्णन निम्नलिखित है –

विक्रमादित्य नामाङ्कित मुद्राएँ[7] -

1) धातु-ताम्र, आकार : गोल

प्रथम प्रकार : श्री विक्रम एवं उजयिनी नगर नामाङ्कित अश्वमेध प्रकार की दुर्लभ मुद्रा-पुरो भाग : वृत्तायत बिन्दुओं के मध्य दाहिनी ओर पंखयुक्त गति शील अश्व का अङ्कन है।

पृष्ठ भाग :– मुद्रा के मध्य में वेदिका वृक्ष उसके दाहिनी ओर ब्राह्मी लिपी में लेख (सि) रि (ि) वक्रम तथा व अक्षर और मात्रा का ऊपरी भाग मुद्रा के किनारे से बाहर हो गए हैं । मुद्रा के बाईं ओर ब्राह्मी लिपि में लेख उजयि (नी) नगर नामाङ्कित है।

अश्वमेध प्रकार की यह मुद्रा उल्लेखनीय है । विक्रमादित्य के पूर्व भी ईसा पूर्व दूसरी सदी में शुंग शासक सेनापति पुष्यमित्र ने दो अश्वमेध (यज्ञों) का आयोजन किया था। आन्ध्र–सातवाहन शासक सातकर्णिऔर नागनिका की चाँदी की मुद्रा पर दोनों का नाम ब्राह्मी लिपि में तथा उस पर अश्व का अङ्कन है। विद्वानों के मतानुसार यह चाँदी की मुद्रा सातकर्णि ने अश्वमेध

यज्ञ के आयोजन के समय प्रचलित की होगी। विक्रमादित्य ने भी उसी परम्परा में अश्वमेध के आयोजन के समय यह अश्वमेध प्रकार की मुद्रा अपने नाम व राजधानी उज्जयिनी से जारी की होगी इससे यह सुस्पष्ट है कि विक्रमादित्य चक्रवर्ती सम्राट् थे। अश्वगति शक्ति का प्रतीक है।

2) दूसरा प्रकार–विक्रम नामाङ्कित शिव प्रकार की ताम्र–मुद्राएँ

i) पुरोभाग : समभंग मुद्रा में सम्मुखाभिमुख मानवीय रूप में जटा–मुकुट, दण्ड-कमण्डलु धारण किये खड़े हुए शिव, उनके दाहिनी ओर ब्राह्मी लिपि (प्रथम सदी ईसा पूर्व) में राजा विक्रम लेख बाईं ओर वेदिका वृक्ष अंकित है।

पृष्ठ भाग : उज्जयिनी चिह्न केवल एक द्विवृत्त।

ii) ताम्र–मुद्रा, वृत्ताकार, शिव प्रकार[8]।

पुरोभाग : द्विभंग मुद्रा में जटा–मुकुट तथा दण्ड कमण्डलु धारण किये खड़े हुए शिव, उनके दाहिनी ओर ब्राह्मी लिपि (प्रथम सदी ईसा पूर्व) में लेख राजा विक्रम नामाङ्कित है।

इन मुद्राओं के प्रमाण से विक्रमादित्य शैवोपासक ज्ञात होते हैं ।

3) तीसरा प्रकार : ताम्र–मुद्रा, वृत्ताकार-चक्र प्रकार[9]

पुरोभागः द्वादश अरों युक्त चक्र अङ्कित है।

पृष्ठ भाग : मुद्रा के मध्य में प्रथम सदी ईसा पूर्व की ब्राह्मी लिपि में लेख विक्रम और मुद्रा के निम्न भाग में परवतन्द व कदस (पर्वतेन्द्र, कृतस्य) ब्राह्मी लिपि में अङ्कित है।

4) चौथा प्रकार–ताम्र–मुद्रा, वृत्ताकार, कमल प्रकार

i) पुरोभाग : षड्दल कमल अङ्कित है।

पृष्ठ भाग : ब्राह्मी लिपि में कृद (कृतस्य) लेख अङ्कित है।

ii) पुरोभाग : अष्टदलकमल अङ्कित है।

पृष्ठ भाग -ब्राह्मीलिपि में कतस (कृतस्य) अंकित है।

लेखरहित सूर्यध्वज प्रकार[10]

पुरोभाग : सूर्य ध्वज धारण किये दक्षिणाभिमुख खड़ी मानवाकृति, उसके दाहिनी ओर वेदिका वृक्ष अंकित है।

पृष्ठ भाग : बिन्दुयुक्त एक वृत्त उज्जयिनी चिह्न अंकित है। उज्जयिनी मुद्राओं पर अङ्कि त सूर्यध्वज धारित मानवाकृति के सम्बन्ध में विन्सेण्ट स्मिथ महोदय का मत विचारणीय है। उनके मतानुसार दो सम्भावनाएँ हो सकती हैं, या तो यह शासक की आकृति अथवा देवाकृति हो सकती है। यदि यह स्थानीय शासक की आकृति है तो वह स्पष्ट रूप से परमादित्य भक्त प्रकट होता है जो दाहिने हाथ में सूर्यध्वज धारण किए हुए है। अत एव स्वाभाविक रूप से यह शासक सूर्य का एकनिष्ठ भक्त (परमसौर) तथा यह दण्ड सूर्यध्वज के नाम से अभिहित किया जा सकता है। इन मुद्राओं का तिथिक्रम द्वितीय शती ईसा पूर्व से लेकर प्रथम शती ईसा पूर्व माना गया है। उल्लेखनीय है कि प्रथम सदी ईसा पूर्व में शकारि विक्रमादित्य नामक प्रतापी शासक शासनरत था। शकों पर विजय स्वरूप उसने अपना राज्यांक सूर्यध्वज मान्य कर अपना स्वयं का अङ्कन इन मुद्राओं पर करवाया होगा।

मालव गणराज्य की तृतीय प्रकार की मुद्राओं पर अङ्कि त बीस नामों को आर.ओ. डगलस, के.के.चक्रवर्ती और कल्याणकुमार दासगुप्ता ने मालवगण प्रमुखों का माना है[11]। डी.आर. भण्डारकर का सुझाव है कि जिन मुद्राओं पर ब्राह्मी में मगज

लेख है, वह मालव गणस्य जयः अर्थात् मालवगण की विजय के लिए प्रयुक्त हुआ है तथा संक्षिप्त नाम है। इस प्रकार मालवगण की अन्य मुद्राओं पर अङ्कित नामों पर भी विचार किया जा सकता है जैसे गजव अर्थात् गणस्य जय विक्रम और मगोजव या मगजव मालव गणस्य जय विक्रम का ही संक्षिप्त रूप है। इन मुद्राओं पर मालवगणों ने प्रतापी सम्राट् विक्रमादित्य का नाम संक्षिप्त रूप में अङ्कित करवा दिया होगा।

सन् 1975 में सुप्रसिद्ध पुराविद् डॉ. वि.श्री. वाकणकर को गढ़कालिका (उज्जैन) से एक पकी मिट्टी की सील प्राप्त हुई थी[12], जिस पर वृत्तायत रूप में राज्ञो सिरि..... कतस उजेनीय ब्राह्मी लिपि में लेख किनारे पर तथा उसके मध्य में मकार युक्त स्वस्तिक प्रतीक अंकित है। इस सील पर अङ्कित ब्राह्मी लिपि ईसवी पूर्व प्रथम सदी की है। उज्जयिनी परिक्षेत्र से स्वस्तिक मकार युक्त ढली हुई अनेक ताम्र मुद्राएँ सम्प्रति डॉ. वाकणकर शोध संस्थान, उज्जैन में संग्रहीत हैं। अन्य मिट्टी की सील पर ईसा पूर्व प्रथम सदी की ब्राह्मी लिपि में कुतस लेख अङ्कित है। लेख के निम्न भाग में मत्स्यसरित चिह्न है। प्राकृत शब्द कुतस का संस्कृत रूप कृतस्य होता है। सील व ताँबे की मुद्राओं पर अङ्कित मकार युक्त स्वस्तिक माङ्गलिक प्रतीक है तथा सील पर अङ्कित ब्राह्मी लिपि लेख राज्ञो सिरि कतस उजेनिय से यह तथ्य प्रकट होता है कि विक्रमादित्य ने शकों को पराजित कर अपने कृत संवत् का प्रवर्तन किया।

अभिलेखों से प्राप्त साक्ष्य –

अभिलेखों में सर्वप्रथम सात अभिलेखों में संवत् 282 से 481 तक इसे कृत संवत् कहा गया, नौ अभिलेखों में संवत्461 से 936 तक इसे मालव संवत् और संवत् 794 से 1293 तक विक्रम संवत् कहा गया है। (35 अभिलेखों में)। मालव संवत् को कृत की संज्ञा मंदसौर के संवत् 461 के अभिलेख में दी गई है, वह इस प्रकार है-श्रीमालव गणाम्नाते प्रशस्ते कृतसंज्ञिते[13]। इस अभिलेख के पश्चात् कतिपय अभिलेखों जैसे संवत् 770 चित्तौड़गढ़ (राजस्थान प्रदेश) अभिलेख[14] में मालवेश–संवत्सर, संवत् 795 के कणस्व (राजस्थान प्रदेश) अभिलेख[15] में मालवेशनाम् और संवत् 1226 मेनोलगढ़ (राजस्थान प्रदेश) अभिलेख[16] में मालवेश-वत्सर नाम से उल्लेख है। विक्रम संवत् वर्णित 35 अभिलेखों में से कतिपय प्रमुख अभिलेख जिनमें विक्रम संवत् का प्रवर्तन करने वाले विक्रमादित्य के नाम का उल्लेख है। संवत्।।3। नवसारी (गुजरात प्रदेश) कर्णराज व दुर्लभराज का अभिलेख[17], श्रीविक्रमादित्योत्पादित संवत्सर।2 संवत्।।6। ग्वालियर (मध्यप्रदेश) अभिलेख[18] में श्रीविक्रमार्क नृप कालातीत संवत्सर (3) संवत् 1176 सेवाड़ी (राजस्थान प्रदेश) रत्नपाल के अभिलेख[19] में श्री विक्रमादित्योत्पादितातीतसंवत्सर। और संवत् 1195 उज्जैन (मध्यप्रदेश) जयसिंह के अभिलेख[20] में विक्रम नृप-कालातीत संवत्सर उल्लिखित है। उपर्युक्त उद्वर्णित अभिलेखों से यह सुस्पष्ट है कि कृत, मालव एवं विक्रम एक ही संवत् के नाम हैं। सल्तनतकालीन मुस्लिम शासक इल्तुतमिश (1210 से 1236) के शासन काल की एक मिश्रित धातु (विलन) मुद्रा[21] के पृष्ठ भाग पर उसका नाम देवनागरी लिपि में, इलितितिमि (इल्तुतमिश) मुद्रा के मध्य में, निम्न भाग में वि.सं. और मुद्रा के ऊपरी भाग के किनारे पर अरबी के अंकों में 1283 अर्थात् 1226 ई. अङ्कित है।

निष्कर्ष –

1) विक्रमादित्य का नाम लोक-साहित्य और लोक धारा में सर्वत्र व्याप्त है। विक्रमादित्य ने बौध्द, जैन, संस्कृत यहाँ तक कि अरबी-फारसी साहित्य को भी अनुप्राणित किया है।

2) कालकाचार्य कथानक, कालिदास के ज्योतिर्विदाभरण नामक ग्रन्थ और मालवा (उज्जयिनी और विदिशा क्षेत्र) से उपलब्ध शक–शासकों की मुद्राओं से यह प्रमाणित है कि विक्रमादित्य शकों के वंश का उन्मूलन (शकानां वंशमुच्छेद्य) कर शकारि उपाधि से विभूषित हुए।

3) प्राचीन साहित्य, वर्तमान में उपलब्ध विविध प्रकार की मुद्राओं और अभिलेखों से नवीन सामग्री प्रकाश में आयी है। कालकाचार्य कथानक में विक्रमादित्य को सार्वभौम राजा श्री कहा गया है । विक्रमादित्य नामाङ्कित विविध प्रकार की मुद्राओं जैसे अश्वमेध प्रकार की मुद्रा के पृष्ठ भाग पर विक्रम व उज्जयिनी नगर का नाम एक साथ ही अङ्कित है। एक अन्य द्वादश अरों युक्त चक्र प्रकार की मुद्रा के पृष्ठ भाग पर मुद्रा के मध्य में विक्रम नाम व उसके निम्न भाग में परवतन्द्र(पर्वतेन्द्र) और कद(कृतस्य) नामाङ्कि त है। अभिलेखों में श्री विक्रमार्क नृपकाल, श्री नृप, विक्रम संवत् और श्रीमद् विक्रम नृप काल का उल्लेख है। इन समस्त संसाधनों यथा प्राचीन साहित्य, मुद्राओं और अभिलेखों से इस कथन की पुष्टि होती है कि विक्रमादित्य सार्वभौम चक्रवर्ती सम्राट् थे, व सार्वभौम उज्जयिनी नगर उनकी राजधानी थी। उन्होंने अश्वमेध का आयोजन इसी नगर में किया था।

4) राजा विक्रम नामाङ्कित दो मुद्राओं पर जटा-मुकुट और दण्ड-कमण्डलु धारण किए हुए शिव का अङ्कन है। शिव के साथ ही शासक का नाम अङ्कित होने से यह प्रकट कि वे परम शैवोपासक थे।

5) सूर्यध्वज धारी शासक की आकृति से यह प्रतीत होता है कि सूर्य ध्वज उनका राज्य चिह्न रहा हो।

6) अभिलेखों में वर्णित तीनों संवतों के सम्बन्ध में अभिलेखों के पाठों का एक साथ अध्ययन करने से यह प्रतीत होता है कि कृत, मालव और विक्रम संवत् एक ही हैं । द्वादश अरों युक्त चक्र प्रकार की मुद्रा के पृष्ठ भाग पर विक्रम नाम के साथ ही कदस (कृतस्य) नाम अङ्कित है, और दो अन्य मुद्राओं षट्दल कमल तथा अष्टदल कमल प्रकार की मुद्राओं के पृष्ठ भाग पर कृद (कृत) और कतस (कृतस्य) नाम अङ्कित है। उज्जयिनी से प्राप्त मिट्टी की दो सीलों पर कतस उजेनिय व कुतस (कृतस्य) लेख उत्कीर्ण है । इस प्रकार अभिलेखों, मुद्राओं और सीलों के आधार पर यह प्रमाणित होता है कि कृत संवत् का प्रवर्तन विक्रमादित्य ने ही किया था, कालान्तर में वह मालव और विक्रम नाम से प्रचलित हुआ और वह आज भी भारत में सुविख्यात है। यह हमारे विक्रमादित्य की स्मृति है। एक अन्य मुद्रा पर विक्रम संवत् का नाम उल्लेखनीय है।[22]

विक्रमादित्य की कीर्ति ने कई शासकों को प्रभावित किया। ईसा पूर्व पहली सदी से लेकर सोलहवीं सदी तक कई विक्रमादित्य नामधारी व उपाधि युक्त राजा हुए। विक्रमादित्य के अस्तित्व ने इतिहास को बहुत ही प्रभावित किया, उसका सभी कुछ भारतीय नरेशों के लिए ही नहीं वरन् विश्व के लिए अनुकरणीय आदर्श बन गया। विन्सेण्ट स्मिथ को यह स्वीकार करना पड़ा-इस नरेश के अतिरिक्त भारत कभी भी इतना सुशासित नहीं हुआ। इतिहास में विक्रम एक जाज्वल्यमान नक्षत्र सिद्ध हुआ है।

सन्दर्भ –

1. एपिग्राफिया इंडिका भाग 14, पृष्ठ 293-295 (कालकाचार्य कथानक)
2. स्टेनकोनोवः खरोष्ठी इन्स्क्रिप्शन की भूमिका, कथानक पृष्ठ 26
3. रेप्सन, ई.जे., केम्ब्रिज हिस्टी ऑफ इंडिया भाग 1, पृष्ठ 532
4. जॅर्नल न्यूमिस्मेटिक सोसायटी ऑफ इंडिया, भाग XXVIII पृष्ठ 48-50

5. माईकल मिशिनर : इण्डो-ग्रीक, इण्डो सीथियन क्रायनेज, पृष्ठ 805
6. भारतीय अभिलेखः सम्पादक डॉ. जे.एन.दुबे एवं डॉ.भगवतीलाल राजपुरोहित, पृष्ठ 21
7. एक तथा दो प्रकार की मुद्राएँ सम्प्रति अश्विनी मुद्राशोध संस्थान, महिदपुर में संग्रहीत हैं।
8. उज्जयिनी क्रायन्सः सम्पादक दिलीप राजगोर, पृष्ठ 83
9. तीसरे एवं चौथे प्रकार की ताम्र मुद्राएँ स्व. शांतिलाल परदेशी के व्यक्तिगत मुद्रा संग्रह इन्दौर में संग्रहीत और एच.वी.त्रिवेदी द्वारा अपठित प्रकाशित
10. विन्सेण्ट स्मिथः इंडियन म्यूजियम क्वायन्स, भाग 1, कलकत्ता, पुष्ठ 153
11. जॅर्नल न्यूमिस्मेटिक सोसायटी ऑफ इंडिया, XXVIII भाग जिल्द II पृष्ठ 204, वही, भाग XXIX जिल्द II पृष्ठ 79
12. उपर्युक्त , XLVII जिल्द II पृष्ठ 93
13. भण्डारकर सूची क्रमांक 3
14. भण्डारकर सूची क्रमांक 16
15. भण्डारकर सूची क्रमांक 18
16. भण्डारकर सूची क्रमांक 346
17. प्लेट्स-भण्डारकर सूची क्रमांक 141
18. अभिलेख–भण्डारकर सूची क्रमांक 169
19. प्लेट्स - भण्डारकर सूची क्रमांक 200
20. भग्न अभिलेख-भण्डारकर सूची क्रमांक 240
21. अमितेश्वर झाः भारतीय सिक्के एक ऐतिहासिक परिचय, पृष्ठ 90, मुद्रा क्रमांक 409
22. डॉ. भगवतीलाल राजपुरोहित और डॉ. जगन्नाथ दुबे- पुरातत्त्व में विक्रमादित्य, महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ, उज्जैन, 2012

विशेष – इस अंक के छपने तक विक्रम तथा कृत और दोनों संयुक्त नाम के अनेक सिक्के और मुद्राएँ ज्ञात हो चुकी हैं जिनका परिचय आगामी अंक में प्रकाशित होगा। ये सिक्के और मुद्राएँ श्री अश्विनी शोध संस्थान, महिदपुर (उज्जैन) में सुरक्षित हैं जिसके अध्यक्ष डॉ. आर.सी. ठाकुर हैं। (संपादक)

विक्रमादित्य का सभासद–मूलदेव एवं विपुला और अचला

डॉ. भगवतीलाल राजपुरोहित

धूर्त मूलदेव सम्बन्धी कई प्राचीन कथाएँ सदियों तक प्राप्त होती रही हैं। वह उज्जैन के राजा विक्रमादित्य का सभासद बताया गया है। बृहत्कथा जैसे पैशाची अनार्षकाव्य में मूलदेवचरित की चर्चा नाट्यशास्त्रटीका में अभिनवगुप्त ने की है। कथासरित्सागर के विषमशील लम्बक और वेतालपंचविंशति में मूलदेव की कथाएँ हैं। क्षेमेन्द्र की बृहत्कथामंजरी के भी उन्हीं प्रसंगों में मूलदेव की कथाएँ हैं। उन कथाओं से भी उसकी धूर्तता ही प्रकट होती है। उन कथाओं में मूलदेव के साथ उसके मित्र शश या शशी की भी चर्चा पायी जाती है।

चतुर्भाणी में सम्मिलित शूद्रक के पद्मप्राभृतक भाण में उज्जैन के मूलदेव और उसके मित्र शश की निरन्तर उपस्थिति है। उसमें नायक शश अपने मित्र मूलदेव की कार्यसिद्धि के लिए निरन्तर सक्रिय रहता है। उसमें भी ये दोनों धूर्त हैं। परवर्ती बाणभट्ट की कादम्बरी, भोज की श्रृंगारमंजरीकथा सहित धूर्ताख्यान आदि में भी वह उपस्थित हैं। शूद्रक के पूर्वोक्त भाण में मूलदेव, शश और मूलदेव की प्रेमिका गणिका विपुला की चर्चा है और इन तीनों का एक साथ उल्लेख कादम्बरी में भी है।

मूलदेव को कर्णीपुत्र, धूर्त और चोरों का प्रधान भी बताया गया है। वह पाटलिपुत्र (पटना) का निवासी था और उसका कार्यक्षेत्र उज्जैन था। कथासरित्सागर के अनुसार उसकी एक धूर्त पत्नी वर्धमानपुर की थी, जो आजकल धार जिले का तहसील स्थान बदनावर नामक कस्बा है। वह छिपकर उज्जैन में धूर्ताचार्य मूलदेव को भी छलकर पाटलिपुत्र (पटना) में जा बसी थी।

राजा पुरुषोत्तमदेव के त्रिकाण्डशेष कोष (2/8/23) में मूलदेव को कर्णीसुत, मूलदेव, मूलभद्र और कलांकुर कहा गया है-

कर्णीसुतो मूलदेवो मूलभद्रः कलाङ्कुरः।

एक विचार यह भी है कि मूलदेव चोरशास्त्रकार खरपट से अभिन्न है। भास के चारुदत में खरपट का उसी रूप में स्मरण किया गया है। खापर्या चोर और विक्रमादित्य की कथाएँ मालवा में प्रसिद्ध हैं। खरपट्ट के चौर्यशास्त्र का उल्लेख कौटिल्य के अर्थशास्त्र (4/8/23) में भी हुआ है। गण (2/156)में भी उसका उल्लेख बताया जाता है। धूर्ताख्यान, दशकुमारचरित सहित कितने ही ग्रन्थों में मूलदेव का स्मरण किया गया है।

शश नामक राजा की मुद्राएँ प्रकाशित हैं, जिन पर ईसवी पूर्व की ब्राह्मी लिपि में 'सस' लिखा गया है। मध्यप्रदेश के मन्दसौर के पास के अँवलेश्वर ग्राम में एक स्तम्भ पर ईसवी पूर्व की ब्राह्मी लिपि में दो लेख उत्कीर्ण हैं, जिसमें से एक में राजा विक्रमादित्य और दूसरे में शश का उल्लेख पाया जाता है।

उज्जैन की विपुला का दानलेख साँची के स्तूप पर ईसवी पूर्व की ब्राह्मी में पाया जाता है। यह सम्भव है कि यह विपुला मूलदेव की वह गणिका प्रेमिका ही हो जिसकी चर्चा पद्मप्राभृतक भाण में की गयी है। वहाँ अचला के लेख भी हैं। अयोध्या में सन् 1975 से 1977 तक उत्खनन हुआ था। उसमें से ईसवी पूर्व की ब्राह्मी में 'मूलदेव' नाम वाले सिक्के प्राप्त हुए हैं। इनके पुरोभाग पर दक्षिणमुखी वृषभ के साथ कहीं ध्वजदण्ड और कहीं तीन चाप का चैत्य है। पीछे उज्जयनी चिह्न और वेदिका वृक्ष है। लेख

है - मूलदेवस। ईसवी पूर्व की ऐसी ही लिपि वाली सील महिदपुर में आर. सी. ठाकुर के संग्रहालय में है जिस पर मूलदेवस लिखा है।

श्री विष्णु करन्दीकर ने मध्यप्रदेश के खरगोन जिले के कसरावद में 1936 और 1938 में जो उत्खनन किये थे, उनसे प्राप्त पात्रों पर विभिन्न अनेक नाम पाये जाते हैं। उनमें से एक पात्र पर ईसवी पूर्व की ब्राह्मी में 'मूलदेवे' नाम भी मिलता है। यह उल्लेखनीय है कि मूलदेव ईसवी पूर्व प्रथम शती के विक्रमादित्य का समकालीन था और प्राचीन कथाओं के अनुसार उसका उज्जैन और पाटलिपुत्र (पटना) दोनों से सम्बन्ध था। पटना उसका जन्मस्थान और उज्जैन कार्यस्थान था। जैन परंपरानुसार वह राजा था। वह गान्धर्वादि कलाओं में प्रवीण था। प्राकृत कथासंग्रह (अहमदाबाद) के अनुसार उसने देवदत्ता गणिका को गान्धर्वविद्या में हराया था। चतुर्भाणी में देवदत्ता मूलदेव की प्रेमिका है। सिद्धसेन दिवाकर ने विक्रमादित्य को राजा मूलदेव की कथा सुनाई थी। अतः यह श्रोता विक्रमादित्य बाद का चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य था।

परम्परानुसार मूलदेव का अन्य नाम खरपट भी था। खरपट द्वारा विरचित चौरशास्त्र ग्रन्थ की सूचनाएँ प्राप्त होती हैं। मूलदेव द्वारा विरचित एक श्लोक कथासरित्सागर में प्राप्त होता है, जो इस प्रकार है –

अन्यच्च मूलदेवोक्ता गाथा किं न श्रुता त्वया।
यत्र घनस्तनजघना नास्ते मार्गविलोकिनी कान्ता।
अजडःकस्तदा निगडं प्रविशति गृहसंज्ञकं दुर्गम्॥

–कथासरित्सागर 12/31/31-32

मूलदेव के अनुसार घर वही है जिसमें भार्या हो अन्यथा वह बिना भागरे का दुर्ग है।

सात सौ ईसवी के लगभग रचे गये प्राकृत ग्रन्थ 'स्वयम्भूछन्दस्' (1-60-1, 1-61-1) में ललित और मत्तक्रीडा छन्द के एक एक उदाहरण मूलदेव के रचे उध्दृत किये गये हैं। ये रचनाएँ महाराष्टी प्राकृत में होने से नाट्यशास्त्र के बाद की हैं। क्योंकि नाट्य शास्त्र में महाराष्टी प्राकृत का न तो उल्लेख है और न उदाहारण है। परन्तु विक्रमादित्य के सभारत्न वररुचि द्वारा अपने प्राकृतप्रकाश व्याकरण ग्रन्थ में उसके लक्षण दिये गये हैं। अतः विक्रमादित्य के समय महाराष्टी प्राकृत का उपयोग होता था। उसी समय के कालिदास ने भी महाराष्टी प्राकृत का भी उपयोग किया है। अतः उसी समय के मूलदेव की महाराष्टी प्राकृत में रचना होना सम्भव है। 'स्वयम्भूछन्दस्' में मूलदेव के वे दोनों छन्द इस प्रकार हैं -

(1) ललिअं मूलदेवस्य (ललितं मूलदेवस्य) –
उअह इमं पउत्थवइआइ संदणवचं दणद्दधवलं
करणिमिअं विसण्णवअण तहिंपि तरलामलच्छिजुअलं।
ण हु अरुणुपलम्मि कमसं कआवि कमलम्मि णीलजलअं
इअ परिचिंतिऊण विगअं कहिं पि ण ठिअं चलालिवलअं॥

स्वयम्भूछन्दस्, 1/60/1

(2) मत्ता कीला तस्सेअ (मत्तक्रीडा तस्यैव)-

बध्दा दोला दिट्ठा चूआ महुअरपलपलविरपरहुबहला
उद्दामा पुण्णाआमोआ मअमुइअमिलिअमहुलिहमुहला।
फुल्ला रत्तासोआरामा तह विउलजलकमलसरा
अत्ता पत्तो दुक्खं देंतो विरहिजणमरणमिव महुसमओ॥

वही, 1/61/1

आवश्यकसूत्र (गाथा 464) की टीका में लिपियों की सूची में मूलदेवी लिपि भी है। अ और क, ख और ग, घ और ग, चवर्ग और टवर्ग, तवर्ग और पवर्ग, य और श इन्हें परस्पर बदल देने पर मूलदेवी बन जाती है।

अकौ खगौ घङौ चैव चटौ तपौ यशौ तथा।
एते व्यस्ताः स्थिराः शेषा मूलदेवीयमुच्यते॥

कामसूत्र, चौखम्बा, पृष्ठ 91

प्राचीन जैन कथाओं में मूलदेव नामक बहुत चतुर और धूर्त नायक पाया जाता है। उत्तरसूत्र टीका में मूलदेव कथा है। उपर्युक्त सन्दर्भों से स्पष्ट है कि मूलदेव सम्बन्धी कथाएँ पहली सदी से ही साहित्यकारों को आकर्षित करती रहीं। उस पर शूद्रक ने पद्मप्राभृतक भाण की रचना की और समय समय पर अन्य भी विभिन्न कथाएँ लिखी गयीं। राजा भोज की श्रृंगारमंजरीकथा में भी तत्सम्बन्धी एक कथा है जिसमें उज्जैन के अद्भुत, प्रख्यात चरित वाले और अपनी भुजाओं से चक्रवर्ती पद अर्जित करने वाले राजा विक्रमादित्य का प्रेमपात्र मूलदेव नामक धूर्त था। वह अत्यन्त चतुर, समस्त पाषण्डों (सम्प्रदायों) का ज्ञाता और सभी कलाओं में कुशल था (पृष्ठ 84)–

अस्त्यवन्तिषु श्रीमत्युज्जयनी नाम नगरी। तस्यामत्यद्भुत प्रख्यातचरितो
निजभुजविक्रमावाप्तचक्रवर्तिपदः क्षितिपतिविक्रमादित्यो नाम। अस्ति च तत्र मूलदेवो नाम धूर्तः।
स च प्रेमैकपात्रमतिविदग्धः। समधिगतनिखिलपाषण्डः सकलकलाकुशलः।

बाणभट्ट ने मूलदेव, शश और विपुला की चर्चा की है। उज्जैन की विपुला का उल्लेख साँची के ईसवी पूर्व के दानदाताओं में भी है और पद्मप्राभृतकभाण में भी मूलदेव की प्रेमिका के रूप में है। इस भाण में ये सब पात्र भी विद्यमान हैं। मूलदेव का उल्लेख दशकुमारचरित, धूर्ताख्यान आदि में भी हुआ है। स्पष्ट है कि धूर्ताचार्य मूलदेव प्रायः एक हजार वर्षों से अधिक समय तक सतत भारतीय साहित्य में उल्लेखनीय बना रहा और वह विक्रमादित्य का अपना विश्वसनीय था। राजा भोज के अनुसार विक्रमादित्य जैसा राजा नहीं, मूलदेव जैसा धूर्तचूडामणि नहीं और कपालशिख जैसा मन्त्रवादी नहीं -

न हि देवसदृशो नृपतिर्नापि मच्छदृशो धूर्तचूडामणिर्नापि कपालशिखेन सदृशो मन्त्रवादी। (श्रृंगारमंजरीकथा, पृष्ठ 88)।

मूलदेव की अपनी रचित पूर्वोक्त एक गाथा पहली सदी की बृहत्कथा के संस्कृत रूपांतर कथासरित्सागर में उध्दृत है। मूलदेव के रचे दो प्राकृत श्लोक सातवीं सदी के स्वयम्भूछन्दस् में पूर्वोक्त उद्धृत हैं। बीसवीं सदी के उत्तरार्ध में उसके नाम के पुरातात्त्विक प्रमाण रूप सिक्के और पात्रलेख भी ईसवी पूर्व की ब्राह्मी लिपि में प्राप्त हो गये हैं। यही नहीं इसी समय की मूलदेव की मुद्रा भी प्राप्त है। इस प्रकार समय और परम्परा का तालमेल साहित्य और पुरातात्त्विक प्रमाणों से भी हो जाता है। अतः ईसवी

पूर्व के उज्जैन के प्रसिद्ध राजा विक्रमादित्य सन्दर्भित मूलदेव का अस्तित्व प्रमाणित हो जाता है और मूलदेव के प्रमाण उज्जैन के विक्रमादित्य की भी पुष्टि करते हैं ।

मूलदेव की प्रेमिकाएँ–विपुला और अचला

बाणभट्ट की कादम्बरी में कर्णीसुत मूलदेव की कथाओं में विपुला और शश नामक पात्रों की चर्चा की गयी है।

कर्णीसुतकथेव सन्निहितविपुलाचला शशोपगता च।

विपुला, अचला और शश वाली कर्णीसुतकथा अलग से तो ज्ञात नहीं, परन्तु शूद्रक के पद्मप्राभृतक में विद्यमान है। उसमें अचला नहीं है। शश और विपुला उसमें विद्यमान है। शश मूलदेव का मित्र है और विपुला मूलदेव की मानवती प्रेमिका। यह विपुला उज्जयिनी की गणिका थी। श्लोक 11 से 16 तक पूरा दृश्य इस विपुला से सम्बन्धित है। वहाँ विपुलामात्य का उल्लेख, है जो कामदत्ता प्राकृत काव्य का प्रतिष्ठानभूत था। सम्भवतः उसका उस काव्य से सम्बन्ध था। या तो वह उस काव्य का रचनाकार था अथवा उसका महत्त्वपूर्ण पात्र था। इस विपुला की सखी अवन्तिसुन्दरी थी।

कर्णीपुत्र मूलदेव उज्जयिनी के राजा विक्रमादित्य की सभा का धूर्त सदस्य था। विपुला गणिका उज्जयिनी में रहती थी और मूलदेव की प्रेमिका थी। अतः विपुला भी विक्रमादित्य के समय उज्जैन में रही। उज्जैन की विपुला का उल्लेख साँची के ईसवी पूर्व के दानदाताओं में हुआ है। साँची स्तूप पर विपुला का लेख है। ईसवी पूर्व दूसरी–पहली सदी की लिपि में वहाँ जो लिखा गया है उसका अर्थ है – उज्जयिनी की विपुला। नाम विपुला, स्थान उज्जयिनी और समय ईसवी पूर्व प्रथम शती। इस पुरातात्त्विक प्रमाण और पूर्वोक्त साहित्यिक प्रमाण में एकरूपता होने से एक दूसरे की पुष्टि करते हैं। अतः पद्मप्राभृतक की विपुला या बाणभट्ट की कादम्बरी में उध्दृत विपुला काल्पनिक नहीं, ऐतिहासिक और वास्तविक रही–यह प्रमाणित होता है और इससे उज्जैन के सुप्रसिध्द विक्रमादित्य के समकालीन उज्जयिनी के पात्रों की भी ऐतिहासिकता सिध्द होने से मूलदेव सम्बन्धी विक्रमादित्य कथाओं की और विक्रमादित्य की ऐतिहासिकता स्वतः प्रमाणित हो जाती है।

इसी प्रकार बाणभट्ट ने अचला का भी विपुला के साथ स्मरण किया है। इसका उल्लेख चतुर्भाणी में तो नहीं है परन्तु मूलदेवकथा में वह रही होगी। साँची के दानदाताओं में ईसवी पूर्व की विपुला के समान अचला के भी दो बार उल्लेख हुए हैं । वह नन्दिनगर की रहने वाली थी। नन्दिनगर की पहचान आज के नान्देर तहसील गोहरंगज जिला रायसेन अथवा नन्दनगर टोंक के पास के गाँव नन्दनेर से की जाती है।

इससे यह भी स्पष्ट हो जाता है कि विक्रमादित्य की राजधानी और राज्य के नर नारी इतने समर्थ थे कि वे साहित्य के पात्र बन गये और पुरातत्त्विक प्रमाण भी बन गये।

सन्दर्भ -

1 हिस्टी टुडे, भाग 11,2010, पृष्ठ 84
2 कसरावद, डॉ. वि.श्री. वाकणकर, अहिल्याबाई स्मारिका में लेख।
3 साँची, भास्करनाथ मिश्र, पृष्ठ 205
4 वही, पृ. 108 तथा 220

परिशिष्ट

अथ नवीनसंवत्सरप्रवर्तने विक्रमार्कसम्बन्धः–

एकदा सिद्धसेन दिवाकरः श्रीविक्रमादित्यभूपस्याग्रे दानधर्मोपदेशं ददावेवं
श्रीनाभेयजिनेश्वरो धनभवे श्रेयःश्रियामाश्रयः
श्रेयांसः स च मूलदेवनृपतिः सा नन्दना चन्दना।
धन्योऽयं कृतपुण्यकः शुभमनाः श्रीशालिभद्रादयः
सर्वेप्युत्तमदानदानविधिना जाता जगद्विश्रुताः॥

इत्यादि व्याख्यानं श्रुत्वा विक्रमादित्यराजा जगौ–भगवन् मम गृहे स्वर्णपुरुषद्वयं विद्यते। ततो दिने बहु हेम लभ्यते। तेन मम पृथिवीमनृणीकर्तुमिच्छास्ति। गुरुभिः प्रोक्तं–न भाग्यं विना धर्मं कर्तुं मनोरथो भवति सम्पूर्णो भवति च...

श्रुत्वेति राजा ग्रामे पुरे स्वसेवकान् प्रेष्य मुखमार्गितं धनं दायं दायं पृथिवीमनृणीं चकार। ततस्तस्य संवत्सरो टिप्पणके शास्त्रेषु लिखितो बुधैः।

-शुभशीलकृत पंचशतीप्रबन्धसम्बन्धः, पृष्ठ260

इस विवरण से स्पष्ट है कि राजा विक्रमादित्य के सामने सिद्धसेन दिवाकर ने राजा मूलदेव के दान–पुण्य की प्रसिद्धि की प्रशंसा करके विक्रमादित्य को प्रेरित किया था। इससे स्पष्ट होता है कि यह राजा मूलदेव पूर्ववर्ती था। मूलदेव राजा था, यह उसके सिक्कों तथा सील से स्पष्ट है। वह सिद्धसेन दिवाकर के समकालीन विक्रमादित्य से पूर्ववर्ती था परन्तु उज्जैन के विक्रमादित्य का समकालीन था। अतः स्पष्ट ही सिद्ध होता है किसिद्धसेन दिवाकर का समकालीन विक्रमादित्य से पूर्ववर्ती था। परन्तु उज्जैन के विक्रमादित्य का समकालीन था। अतः स्पष्ट ही है कि सिद्धसेन दिवाकर मूलदेव के आश्रयदाता विक्रमादित्य के बाद के विक्रमादित्य का समकालीन था। अतः सिद्धसेन का समकालीन विक्रमादित्य चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य हो सकता है।

विक्रमादित्य का समकालीन दत्तकाचार्य

श्रीमती निमिषा राजपुरोहित

साँची के ईसवीपूर्व द्वितीय–प्रथम शती के दानदाताओं में कुरर के दत्तक नामक भिक्षु (अभिलेख क्रमांक 619-620) के दो बार दान–उल्लेख हुए हैं । कुरर के अन्य भी कई दानदाता हैं । यह कुरर या कुरर घर अवन्ती जनपद आज मध्यप्रदेश विदिशा जिले के सिरोंज क्षेत्र का कुरावर ग्राम बताया जाता है। ईसवी पूर्व के सिक्कों पर दत्त नाम पाया जाता है।

कामसूत्र (1/1/11) के अनुसार पाटलिपुत्र की गणिकाओं के अनुरोध पर दत्तक ने वैशिक अधिकरण की रचना की। कामसूत्र की प्राचीन जयमंगला टीका के अनुसार एक माथुर ब्राह्मण पाटलिपुत्र में रहने लगा। बुढ़ापे में उसके पुत्र हुआ। उसके जन्मते ही उसकी माता मर गयी। पिता ने वह बच्चा वहाँ की अन्य ब्राह्मणी को दे दिया। थोड़े समय बाद पिता भी मर गया। ब्राह्मणी ने दत्तक पुत्र होने से वही नाम रख दिया और पाला पोसा तथा सब विद्या और कलाएँ पढ़ाईं। अपने ज्ञान का व्याख्यान करने के कारण वह दत्तकाचार्य कहलाया। एक बार उसके मन में आया कि उत्तम लोकयात्रा जाननी चाहिए और वह वेश्याओं में होती है। तब एक वेश्या से परिचय करके प्रतिदिन उसके पास जाकर लोकयात्रा को इतना जान लिया कि वह दत्तक ही उपदेश देने योग्य हो गया। तब, प्रमुख गणिका वीरसेना ने इससे कहा–पुरुषों को प्रसन्न करने का हमें उपदेश दीजिए। उसके इस आग्रह से दत्तक ने पृथक् शास्त्र रचा। दूसरी कथा के अनुसार गर्भ के समय त्रिनेत्र नामक अवधूत के शाप से वह स्त्री हुआ और फिर वरदान से पुरुष हुआ। अतः वह स्त्री पुरुष दोनों का स्वानुभव से ज्ञाता था। इसीलिए उसके विषय में कहा जाता है कि नियोग से वह दत्तक दोनों रसों का ज्ञाता था – नियोगादुभयरसज्ञो दत्तकः।

शूद्रक के पद्मप्राभृतक भाण (श्लोक 24), ईश्वरदत्त के धूर्तविटसंवाद (58/2) तथा श्यामिलक के पादताडितक (78/6) में दत्तकसूत्रों के उल्लेख प्राप्त होते हैं। पश्चिमी गंग राजा माधववर्मा द्वितीय के तीसरी सदी के पूर्वार्ध के एक लेख में भी दत्तक का उल्लेख पया जाता है। यह उल्लेखनीय है कि चतुर्भाणी में दत्तक के कई बार उल्लेख हुए हैं परन्तु वात्स्यायन के कामसूत्र का उल्लेख नहीं पाया जाता है। कुट्टनी मत (77) में दत्तकाचार्य और वात्स्यायन का उल्लेख पाया जाता है -

वात्स्यायनमयमबुधं बाह्यान्दूरेण दत्तकाचार्यान्।
गणयति मन्मथतन्त्रे पशुतुल्यं राजपुत्रं च॥

राजा भोज की श्रृंगारमंजरीकथा में दत्तक द्वारा विरचित वैशिकरहस्यों का उल्लेख पाया जाता है। वहाँ राजा विक्रमादित्य के समकालीन उज्जयनी के वणिक् दत्तक के भी उल्लेख प्राप्त होते हैं (पृष्ठ 86-88)।

इससे स्पष्ट है कि पाटलिपुत्र में गणिका विशेषज्ञ दत्तक रहता था। वह ब्राह्मण था। राजा भोज के पूर्वोक्त सन्दर्भ के अनुसार अवन्ती के राजा विक्रमादित्य और मूलदेव का समकालीन था दत्तक। यह वणिक् था।

